**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 1264**

**सोमवार, 8 दिसंबर, 2025/17 अग्रहायण, 1947 (शक)**

**अजा/अजजा के लिए कोचिंग सेंटर**

**1264. श्री गोविन्द मकथप्पा कारजोल:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार कर्नाटक में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के लिए कोचिंग/व्यावसायिक मार्गदर्शन केंद्र संचालित कर रही है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और वर्तमान में कर्नाटक में, विशेषकर चित्रदुर्ग में, ऐसे केंद्रों की संख्या और स्थानों की जिला-वार संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान कर्नाटक में उक्त केंद्रों पर प्राप्त आवेदनों और वर्तमान में नामांकित छात्रों की संख्या का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) कर्नाटक में लाभार्थियों की संख्या, जिला-वार और केंद्र-वार सहित सरकार द्वारा उक्त केंद्रों में नामांकित अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं, जैसे निःशुल्क आवास, भोजन, स्टाइपेंड, यात्रा भत्ता आदि का ब्यौरा क्या है;

(ङ) पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान कर्नाटक में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के कोचिंग केंद्रों के लिए आवंटित, जारी और उपयोग की गई धनराशि का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(च) कर्नाटक में प्रशिक्षण के बाद रोजगार प्राप्त करने वाले/प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने वाले अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों की संख्या का वर्ष-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (च): श्रम एवं रोजगार मंत्रालय "अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के रोजगार के इच्छुक व्यक्तियों हेतु कल्याण संबंधी योजना" क्रियान्वित कर रहा है। इस योजना का उद्देश्य व्यावसायिक मार्गदर्शन, करियर परामर्श, कंप्यूटर प्रशिक्षण, भर्ती-पूर्व प्रशिक्षण आदि के माध्यम से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के रोजगार के इच्छुक व्यक्तियों की रोजगार क्षमता को बढ़ाना है। अब तक, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के अनुरोध पर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 25 राष्ट्रीय करियर सेवा केंद्र (बेंगलुरु, कर्नाटक स्थित एक केंद्र सहित) खोले गए हैं तथा संचालित हैं। इन केंद्रों की लोकेशन https://dge.gov.in/dge/ncsc_for_sc/sts पर देखी जा सकती है।

देश में पिछले तीन वर्षों के दौरान प्राप्त आवेदनों की संख्या और नामांकित छात्रों की संख्या का कर्नाटक सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है।

प्रत्येक अभ्यर्थी को प्रति माह 1000 रुपये का वजीफा प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से दिया जाता है और इसके अलावा पूरे पाठ्यक्रम के लिए प्रति अभ्यर्थी 1000 रुपये मूल्य की निःशुल्क पुस्तकें और स्टेशनरी भी प्रदान की जाती है। कर्नाटक सहित देश में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र-वार लाभार्थियों की संख्या अनुबंध-II में दी गई है।

यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। इस योजना के अंतर्गत किसी विशिष्ट राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को धनराशि का आवंटन नहीं किया गया है।

इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के रोजगार चाहने वालों की रोजगार क्षमता में वृद्धि करना है, तथापि, रोजगार मेलों का आयोजन करके अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को रोजगार देने के लिए भी प्रयास किए जाते हैं।

*****

**अनुबंध-I**

**लोक सभा के दिनांक 08.12.2025 के अतारांकित प्रश्न 1264 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

**प्राप्त आवेदनों और केंद्रों को आवंटित सीटों की संख्या**

| क्र.सं. | एनसीएससी-एससी/एसटी | 2024-25 | | 2023-24 | | 2022-23 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्राप्त आवेदनों की संख्या | नामांकित छात्रों की संख्या | प्राप्त आवेदनों की संख्या | नामांकित छात्रों की संख्या | प्राप्त आवेदनों की संख्या | नामांकित छात्रों की संख्या |
| 1 | आइजोल | 302 | 155 | 229 | 155 | 275 | 250 |
| 2 | बेंगलुरु | 369 | 245 | 484 | 260 | 589 | 450 |
| 3 | भुवनेश्वर | 393 | 245 | 399 | 245 | 626 | 475 |
| 4 | चेन्नई | 375 | 245 | 358 | 245 | 582 | 400 |
| 5 | दिल्ली | 455 | 325 | 455 | 325 | 325 | 230 |
| 6 | गुवाहाटी | 357 | 245 | 403 | 295 | 481 | 400 |
| 7 | हिसार | 557 | 155 | 400 | 170 | 705 | 450 |
| 8 | हैदराबाद | 551 | 245 | 512 | 245 | 511 | 350 |
| 9 | इंफाल | 276 | 155 | * | * | 402 | 240 |
| 10 | जबलपुर | 269 | 155 | 449 | 170 | 706 | 550 |
| 11 | जयपुर | 405 | 155 | 614 | 155 | 461 | 350 |
| 12 | जालंधर | 226 | 155 | 224 | 155 | 350 | 275 |
| 13 | जम्मू | 574 | 305 | 463 | 305 | 300 | 225 |
| 14 | जोवाई | 280 | 155 | 350 | 155 | 174 | 129 |
| 15 | कानपुर | 730 | 325 | 557 | 350 | 1370 | 940 |
| 16 | कोहिमा | 198 | 155 | 196 | 155 | 183 | 150 |
| 17 | कोलकाता | 486 | 245 | 564 | 260 | 641 | 350 |
| 18 | ऊना (तत्कालीन मंडी) | 259 | 155 | 250 | 155 | 624 | 425 |
| 19 | नागपुर | 531 | 155 | 365 | 155 | 742 | 400 |
| 20 | नाहरलगुन | 271 | 155 | 207 | 155 | 312 | 250 |
| 21 | पुदुचेरी | 190 | 155 | 189 | 155 | 207 | 150 |
| 22 | रांची | 303 | 155 | 392 | 155 | 736 | 480 |
| 23 | सूरत | 330 | 245 | 530 | 265 | 391 | 265 |
| 24 | तिरुवनंतपुरम | 309 | 245 | 290 | 245 | 411 | 370 |
| 25 | विशाखापत्तनम | 233 | 155 | 227 | 155 | 60 | 50 |
| **योग** | | **9229** | **5085** | **9107** | **5085** | **12164** | **8604** |

टिप्पणी: *वर्ष के दौरान जातीय हिंसा के कारण यह योजना नहीं चल सकी।

**अनुबंध-II**

**लोक सभा के दिनांक 08.12.2025 के अतारांकित प्रश्न 1264 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

**करियर परामर्श / व्यावसायिक मार्गदर्शन / पूर्व-भर्ती प्रशिक्षण / टाइपराइटिंग और शॉर्टहैंड प्रशिक्षण, विशेष कोचिंग योजना और कंप्यूटर प्रदत्त अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों की संख्या**

| **एनसीएससी का नाम** | **2024-25** | | |
|---|---|---|---|
| | **कैरियर परामर्श/व्यावसायिक मार्गदर्शन/भर्ती-पूर्व प्रशिक्षण/टंकण और आशुलिपि प्रशिक्षण** | **विशेष कोचिंग योजना** | **कंप्यूटर प्रशिक्षण** |
| आइजोल | 3,356 | 80 | 75 |
| बेंगलुरु | 10,087 | 80 | 165 |
| भुवनेश्वर | 12,583 | 80 | 165 |
| चेन्नई | 12,681 | 80 | 165 |
| दिल्ली | 13,653 | 160 | 165 |
| गुवाहाटी | 10,780 | 80 | 165 |
| हिसार | 9,743 | 80 | 75 |
| हैदराबाद | 13,727 | 80 | 165 |
| इंफाल | 7,274 | 80 | 75 |
| जबलपुर | 11,871 | 80 | 75 |
| जयपुर | 23,186 | 80 | 75 |
| जालंधर | 15,168 | 80 | 75 |
| जम्मू | 4,505 | 80 | 225 |
| जोवाई | 6,135 | 80 | 75 |
| कानपुर | 20,968 | 160 | 165 |
| कोहिमा | 9,867 | 80 | 75 |
| कोलकाता | 12,710 | 80 | 165 |
| ऊना (तत्कालीन मंडी) | 5,427 | 80 | 75 |
| नागपुर | 12,725 | 80 | 75 |
| नाहरलगुन | 3,746 | 80 | 75 |
| पुदुचेरी | 10,698 | 80 | 75 |
| रांची | 13,524 | 80 | 75 |
| सूरत | 12,839 | 80 | 165 |
| तिरुवनंतपुरम | 12,937 | 80 | 165 |
| विशाखापत्तनम | 3,965 | 80 | 75 |
| कुल | **2,74,155** | **2,160** | **2,925** |